

जोफ्रा आर्चर ने दिया आइडिया

जोफ्रा आर्चर ने कहा, 'हम तालियां बजाने, 'ऊह' और 'आह' के ऑडियो बजा सकते हैं। इसे जितना संभव हो उतना वास्तविक बनाने की कोशिश करें।' इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) पूरी तरह से सुरक्षित मैच स्थलों की संभावना पर विचार कर रहा है जहां खिलाड़ियों के लिए स्टेडियम में ही रहने की व्यवस्था होगी और उनका लगातार परीक्षण किया जाएगा।

## खाली स्टेडियमों में भी होगा दर्शकों का जबरदस्त शोर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। इंग्लैंड की विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने एक बेहतरीन सुझाव दिया है। उनका मानना है कि अगर कोविड–19 महामारी के चलते क्रिकेट मैच खाली स्टेडियमों में खेले जाते हैं तो वास्तविक माहौल पैदा करने के लिए दर्शकों के शोर के आडियो बजाए जाने चाहिए। कोरोना वायरस महामारी के कारण विश्व भर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी है। कई शीर्ष प्रतियोगिताओं को इस वजह से रद्द या स्थगित कर दिया गया है। अन्य खेलों की तरह अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट भी प्रभावित हुआ है और विभिन्न देशों के राष्ट्रीय बोर्ड अब खाली स्टेडियमों में मैचों के आयोजन पर विचार कर रहे हैं। आर्चर ने बीबीसी पोडकॉस्ट 'स्टंप्ड' में कहा, 'हम क्रिकेट मैचों में संगीत बजाते हैं। फिर हम दर्शकों की मौजूदगी का अहसास कराने वाले ऑडियो क्यों नहीं बजा सकते।' पिछले सप्ताह तेज गेंदबाज मार्क वुड ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाड़ी इन गर्मियों में क्रिकेट खेलने के लिए इस तरह से अलग थलग रहने के लिए तैयार हैं।

# शिखर धवन की नजर में धोनी बेस्ट कैप्टन और विराट बेस्ट बैट्समैन

**क्रिकेट**


### भारत का बेस्ट कैप्टन कौन है? शायद क्रिकेट फैन्स के लिए भी सबसे मुश्किल सवाल है

- जवाब शिखर धवन ने इरफान पठान के साथ इंस्टाग्राम लाइव चैट में दिया है
- मौजूदा दौर में बेस्ट बैट्समैन का नाम भी चुना है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। किलर महामारी कोरोना वायरस के दौर में क्रिकेटर लाइव चौट से अपने फैन्स से रूबरू हो रहे हैं। इस क्रम में ओपनर शिखर धवन और तेज गेंदबाज इरफान पठान इंस्टाग्राम पर लाइव आए। इस दौरान इरफान पठान ने उनसे बेस्ट कैप्टन और बेस्ट बैट्समैन चुनने को कहा। कप्तान के तौर पर उन्होंने विराट कोहली और एमएस धोनी के रूप में दो विकल्प भी रख थे।

**धोनी बेस्ट कप्तानः** फैन्स के बीच गब्बर नाम से मशहूर शिखर धवन ने बेस्ट इंडियन कप्तान के बारे में कहा, मैं पहले धोनी की कप्तानी में खेला और अब विराट की कप्तानी में खेल रहा हूं, लेकिन मेरी नजर में धोनी बेस्ट हैं। धोनी की कप्तानी में भारत वनडे और टी–20 वर्ल्ड चैंपियन बन चुका है।



बता दें कि शिखर अब तक भारतीय टीम में 5 कप्तानों (एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, सुरेश रैना) के अंडर में खेले हैं। वह रोहित शर्मा के काफी करीब माने जाते हैं।

**विराट बेस्ट बैट्समैन, रोहित को सराहाः** मौजूदा दौर में बेस्ट इंडियन बैट्समैन के सवाल के जवाब में धवन ने विराट कोहली का नाम लिया। साथ ही रोहित की तारीफ भी की। उन्होंने कहा कि विराट कोहली मौजूदा दौर में बेस्ट हैं, लेकिन रोहित शर्मा भी कुछ कम नहीं हैं। उन्होंने आईसीसी वर्ल्ड कप–2019 में जबरदस्त परफॉर्मेंस करते हुए 5 सेंचुरी लगाई थी। इसके साथ ही बेस्ट बैटिंग पार्टनर के तौर पर रोहित शर्मा का नाम लिया।

**ऐसा है प्रदर्शनः** शिखर धवन ने विराट कोहली की कप्तानी में 21 टेस्ट, 66 वनडे और 24 ज्20ए खेले, जबकि क्रमशरू 1419, 2873 और 634 रन बनाए। दूसरी ओर, धोनी की कप्तानी में 12 टेस्ट, 56 वनडे और 21 टी20 खेले। इस दौरान उन्होंने क्रमशः 789, 2217 और 411 रन बनाए।

उल्लेखनीय है कि कोरोना वायरस की वजह से खेलों पर ब्रेक लगा हुआ है। इंडियन प्रीमियर लीग को बीसीसीआई ने अनिश्चित काल तक के लिए स्थगित कर दिया है, जबकि ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी–20 वर्ल्ड कप पर भी खतरा मंडरा रहा है।

## रियाज, आमिर और अली कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट से गायब, मिसबाह उल हक ने दिया बड़ा बयान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कराची। पाकिस्तान के मुख्य कोच और मुख्य चयनकर्ता मिसबाह उल हक ने वरिष्ठ तेज गेंदबाजों वहाब रियाज , मोहम्मद आमिर और हसन अली को केंद्रीय अनुबंध से हटाने के फैसले का बचाव किया। अनुबंध सूची से कई सीनियर खिलाड़ियों को हटाने के लिए आलोचना झेल रहे मिसबाह ने कहा कि इन तीनों के नाम पर अब भी चयन के लिए विचार किया जाएगा।

हसन सूची से हटाए जाने से अधिक निराश दिखे। उन्होंने इसको लेकर ट्वीट भी किया लेकिन तुरंत ही उसे हटा भी दिया। मिसबाह ने कहा कि पिछले प्रदर्शन और राष्ट्रीय टीम के भविष्य के कार्यक्रम को देखते हुए सही फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि हसन विश्व कप के बाद से ही चोटों से जूझ रहे थे और इसलिए उन्हें अनुबंध सूची से हटाया गया।



मिसबाह ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा, 'चयनकर्ताओं ने आमिर, हसन और वहाब को बाहर करने का कड़ा फैसला किया। हसन चोट के कारण अधिकतर सत्र में नहीं खेल पाए जबकि आमिर और वहाब ने केवल सीमित ओवरों की क्रिकेट पर ध्यान देने का फैसला किया और इसलिए उन्हें बाहर करने का फैसला सही है।'

उन्होंने कहा, 'आमिर और वहाब हालांकि अनुभवी गेंदबाज हैं और वे चयन के दावेदारों में शामिल रहेंगे क्योंकि हमारा मानना है कि वे पाकिस्तान क्रिकेट टीम में योगदान दे सकते हैं और इसके साथ ही हमारे युवा तेज गेंदबाजों के लिए मेंटोर का काम कर सकते हैं।' हसन पसली में फ्रैक्चर के कारण पिछले साल श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में नहीं खेल पाए थे जबकि अधिकतर का मानना है कि वहाब और आमिर को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की सजा दी गई।

## साइकिल चलाते गिरा बेटा, इरफान पठान को आया मिनी हार्ट अटैक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कहते हैं बच्चे को चोट लगती है तो दर्द माता–पिता को होता है। बच्चे को छींक भी आती है तो पैरेंट्स परेशान हो जाते हैं और जान न्यौछावर करते हैं। इसका जीता जागता उदहारण भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान (प्तिदि च्ंजींद) ने दिया है। उन्होंने एक वीडियो शेयर किया, जिसमें उनका बेटा साइकिल चला रहा है। वह बैलेंस खो बैठता है और गिर पड़ता है। पठान ने वीडियो शेयर करते हुए लिखा– यह हर पैरेंट्स के लिए मिनी हार्ट अटैक है। इस्टाग्राम पर वायरल हो रहे इस वीडियो को अब तक लगभग एक लाख बार देखा गया है। वीडियो में इरफान का बेटा इमरान साइकिल चलाते हुए यूसुफ पठान के बेटे के पास पहुंचता है, लेकिन साइकिल रोक पाता इससे पहले ही बैलेंस खो बैठता है। वह साइकिल के साथ ही जमीन पर गिर पड़ता है। वीडियो को फैन्स के बीच खूब पसंद भी किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इरफान ने 4 फरवरी, 2016 को मॉडल सफा बेग से निकाह किया था। इस कपल को इसी वर्ष 20 दिसंबर को बेटा इमरान पैदा हुआ। इरफान अक्सर बेटे और भतीजे की तस्वीर और वीडियोज सोशल मीडिया पर शेयर करते रहते हैं।

## न्यूज डायरी




### खिलाड़ियों में बना रहे उत्साह, इसलिए स्टेडियम में बैठाए हजारों मूक दर्शक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जर्मनी। एक ओर जहां इस बात को लेकर बहस हो रही है कि दर्शकों के बगैर खेल शुरू हो या नहीं तो दूसरी ओर जर्मनी एक कदम आगे निकल गया है। उसके एक स्टेडियम में फुटबॉलरों का उत्साह बना रहे इसलिए फैन्स कुर्सियों पर दर्शकों की तस्वीरें चस्पा कर दी गईं। खिलाड़ियों में बना रहे उत्साह, इसलिए स्टेडियम में बैठाए हजारों श्मूक दर्शकश्जर्मनी में कोरोना वायरस की वजह से लॉकडाउन में ढील के बाद कई खेलों का आयोजन शुरू हो गया है। यहां के फुटबॉल मैदान में भी खिलाड़ी लौट आए हैं, लेकिन स्टेडियम में दर्शक नदारद हैं। दरअसल, सारे फुटबॉल मैच बिना दर्शकों के ही खेले जा रहे हैं। हालांकि, फैंस की कमी दूर करने के लिए स्टेडियम में हजारों की संख्या में उनकी तस्वीरें लगाई गई हैं। यह सब हुआ जर्मनी के बोरसिया पार्क स्टेडियम में। यहां हजारों की संख्या में दर्शकों की तस्वीरें कुर्सियों पर लगाई हैं।

### क्रिकेट कोचिंग को बदलने वाला शख्स, जिसकी मौत ने सबको हैरान कर दिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। क्रिकेट कोचिंग की दुनिया में नए प्रयोगों को आजमाने वाले बॉब वूल्मर का आज ही के दिन 1948 को कानपुर में जन्म हुआ था। वूल्मर ने कंप्यूटर और अपनी इच्छाशक्ति से क्रिकेट कोचिंग के परंपरागत तरीके (्वबसउमत बींदहमक बतपबामज बवबीपदह) में कई बदलाव किए। इंग्लैंड में वारविकशर काउंटी के लिए 1994 में उनकी कोचिंग ने कई अच्छे नतीजे लाए। लेकिन वूल्मर की कोचिंग का सबसे सुनहरा दौर साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम के साथ आया। उनकी और हैंसी क्रोन्ये की टीम ने दुनिया की हर टीम को हैरान किया। हां, ऑस्ट्रेलिया के साथ टक्कर थोड़ी कड़ी होती। क्रोन्ये ईयरफोन लगाकर मैदान पर होते और बाहर से उन्हें दिशा–निर्देश मिलते। हालांकि यह ज्यादा चल नहीं पाया और आईसीसी ने इसे प्रतिबंधित कर दिया। यही वूल्मर थे जिन्होंने पाकिस्तानी टीम में अनुशासन लाने का काम किया।

### क्रिकेटर से बना पादरी, जान से मारने की मिली थी धमकियां

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वह युवा था। उसके पास विकल्प था कि वह प्रशासन की बात मान लेता और आरामदेह जिंदगी गुजारता। एक ऐसी जिंदगी जिसमें पैसा, ताकत, रुतबा और ऐशो–आराम की तमाम जरूरतें पूरी हो जातीं। पर उसने अलग राह चुनी। ताकत और भ्रष्टाचार के सामने झुकने के बजाय उसने टकराने का फैसला किया। नतीजा, एक उभरता हुआ करियर, एक राष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी। एक नाम और दुनियाभर में पहचान– सब रुक गई। आज उसी क्रिकेटर का 37वां जन्मदिन है। जिम्बाब्वे के पहले ब्लैक कप्तान तातेंदा तायबू का जन्म 14 मई 1983 को हुआ। इस सदी के शुरुआती साल में जिम्बाब्वे में एक युवा विकेटकीपर ने दस्तक दी। बेहद फुर्तीला। 2001 में उन्होंने अपना डेब्यू किया। और एंडी फ्लावर के साथ खेलना शुरू किया। बल्लेबाजी भी अच्छी थी और क्रिकेट की समझ भी। जल्द ही उन्हें फ्लावर का सहायक बना दिया गया।

### अन्य खेलों की तुलना में जल्दी शुरू की जा सकती हैं शूटिंग की सुविधाएं: नारंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट गगन नारंग का मानना है निशानेबाजी के पास अन्य खेलों की तुलना में आउटडोर ट्रेनिंग सुविधाओं का जल्द शुरू करने का वास्तविक मौका है। उन्होंने कहा कि इस खेल में आपस में संपर्क नहीं होता और निशानेबाज के पास हमेशा अपना सामान रहता है। नारंग ने साथ ही कहा कि ऐसा कोविड–19 का प्रकोप कम होने पर ही किया जाना चाहिए और सोशल डिस्टैंसिंग से जुड़े नियमों का सख्ती से पालन हो। लंदन ओलिंपिक के कांस्य पदक विजेता नारंग ने कहा, 'निशानेबाजी दोबारा शुरू होने वाले शुरुआती खेलों में शामिल हो सकता है क्योंकि यह आपसी संपर्क का खेल नहीं है जिसमें निशानेबाजों के पास अपना व्यक्तिगत सामान होता है। शूटिंग रेंज में सामाजिक दूरी से जुड़े नियमों का पालन हो सकता है क्योंकि 10 मीटर रेंज में दो प्रतिभागियों के बीच कम से कम एक से डेढ़ मीटर की दूरी होती है जबकि 50 मीटर रेंज में यह दूरी 1.25 मीटर की होती है।'